मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-41
20/01/2026

मुख्यमंत्री ने कालीदास रंगालय के नये भवन के निर्माण कार्य का लिया जायजा, तेजी से कार्य पूर्ण करने का दिया निर्देश

पटना, 19 जनवरी 2026 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना के गांधी मैदान के दक्षिणी–पूर्वी छोर पर स्थित कालीदास रंगालय के नये भवन के निर्माण कार्य का जायजा लिया। कालीदास रंगालय को बिहार आर्ट थियेटर के नाम से भी जाना जाता है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्मित कराये जा रहे सभागार, ग्रीन रूम, विशाल रंगमंच, प्रकाश व्यवस्था, ध्वनि व्यवस्था सहित अन्य निर्माण कार्यों की अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि कालीदास रंगालय के नये भवन का निर्माण कार्य को बेहतर ढंग से और तेजी से पूर्ण करें। इस रंगालय के उन्नयन कार्य का उद्देश्य है कि कलाकारों को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त सुविधा मिले, उन्हें आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, ध्वनि व्यवस्था उपलब्ध हो। हमलोग चाहते हैं कि कलाकारों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। राज्य में नाटक और सांस्कृतिक गतिविधि को बढ़ावा दिया जा रहा है। कालीदास रंगालय बिहार ही नहीं बल्कि पूरे देश में होनेवाले रंगमंच और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का महत्वपूर्ण केन्द्र है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कालीदास रंगालय का भवन पुराना हो गया था, इसको ध्यान में रखते हुये इसका नवीनीकरण कार्य उच्च गुणवत्ता मानक के अनुरूप कराया जा रहा है। कालीदास रंगालय का सौंदर्यीकरण बेहतर ढंग से पूर्ण करायें ताकि यहां कलाकारों और दर्शकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि इस परिसर के पुराने और जर्जर भाग को हटाकर सौंदयीकृत करायें ताकि परिसर सुसज्जित दिखे। परिसर में वृक्षारोपण करायें ताकि यहां आने पर लोगों को प्राकृतिक दृश्य की अनुभूति हो।

निरीक्षण के दौरान जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, कला एवं संस्कृति विभाग के सचिव श्री प्रणव कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराज एस0एम0 सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******